‘सोना’ तीसरा सबसे लोकप्रिय निवेश का विकल्प

drishtiias.com/hindi/printpdf/gold-is-the-3rd-most-popular-investment

प्रीलिम्स के लिये:

विश्व स्वर्ण परिषद, रिटेल गोल्ड इनसाइट्स-2019

चर्चा में क्यों?

हाल ही में विश्व स्वर्ण परिषद (World Gold Council-WGC) द्वारा जारी रिटेल गोल्ड इनसाइट्स-2019 (Retail Gold Insights-2019) रिपोर्ट के अनुसार, ‘सोना’ खुदरा निवेशकों के बीच निवेश का तीसरा सबसे लोकप्रिय विकल्प है।

सर्वेक्षण से संबंधित तथ्य:

- यह रिपोर्ट भारत, चीन, उत्तरी अमेरिका, ज़र्मनी और रूस में लगभग 18,000 लोगों पर सर्वेक्षण कर जारी की गई है।
- रिपोर्ट के अनुसार, ‘सोना’ निवेश का तीसरा सबसे लिकप्रिय विकल्प है।
    - लगभग 46% वैश्विक खुदरा निवेशकों ने बचत खाते (78%) और जीवन बीमा (54%) के बाद सोने के उत्पादों को चुना है।
- सर्वेक्षण में शामिल लगभग 67% लोगों के अनुसार, वे लगातार सोने में निवेश कर रहे हैं तथा इससे पहले भी सोने में निवेश कर चुके हैं।
    - इस आँकड़े में चीन को पीछे छोड़ते हुए भारत की लगभग 72% हिस्सेदारी है।
- इसके अलावा भारत में फैशन एवं लाइफ़ स्टाइल (Fashion and Life Style) से जुड़े लगभग 37% उपभोक्ताओं द्वारा पहले कभी सोने में निवेश नहीं किया गया परंतु अब ये इसके लिये इच्छुक हैं।
    - यह आँकड़ा चीन में 30% और अमेरिका में 40% आँका गया है।

महँगाई से निपटने में सक्षम:

रिपोर्ट के अनुसार, भविष्य में सोने का मूल्य कम नहीं होगा, इसलिये यह महँगाई से निपटने का एक अच्छा उपाय है।

विश्व स्वर्ण परिषद

(World Gold Council-WGC):

- विश्व स्वर्ण परिषद, स्वर्ण उद्योग बाज़ार के विकास हेतु एक संगठन है।
- इसका उद्देश्य सोने की मांग को प्रोत्साहित करना और स्वर्ण उद्योग को वैश्विक नेतृत्व प्रदान करना है।

कार्य

- नीतियों का विकास करना और स्वर्ण उद्योग के मानकों को स्थापित करना,
- स्वर्ण बाजार के बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करना।
- नए निवेशकों को स्वर्ण उद्योग में आने के लिये प्रोत्साहित करना।
- केंद्रीय बैंकों को सलाह देना।
- वैश्विक संवाद को बढ़ावा देना।

स्रोत: द हिंदू